हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 26 मार्च 2025 समय 1810

- केंद्र सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की रिपोर्ट के बाद एक हजार 410 गेमिंग साइट को ब्लॉक किया।
- हरियाणा के उद्योग, पर्यावरण एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने उद्यमियों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भुमिका निभाने का आहवान किया।
- हरियाणा सरकार ने सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम विभाग की 17 सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत लाते हुए इनकी समय सीमा निर्धारित की।
- चरखी दादरी जिले का सरकारी मेडिकल कॉलेज गांव घसोला में बनाया जाएगा।

सिरसा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 604 ग्राम हेरोइन जब्त की।

************************************************************************

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की रिपोर्ट के बाद एक हजार 410 गेमिंग साइटों को ब्लॉक कर दिया गया है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि केंद्र ने इस संबंध में कई कदम उठाए हैं।

श्री वैष्णव ने कहा कि सट्टेबाजी और जुआ राज्य सूची का हिस्सा है और राज्य सरकार के पास इसके लिए विधायी ढांचा बनाने का अधिकार है।

*************************************************************************

हरियाणा के उद्योग, पर्यावरण एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने तथा दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में उद्यमियों के साथ लोगों का अहम योगदान होगा।उद्योग मंत्री आज अंबाला में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित  उद्यमी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

श्री राव नरबीर सिंह ने कहा -

उन्होंने उद्यमियों से आयात को बढ़ाते हुए देश को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि कृषि के बाद उद्योग दूसरा ऐसा क्षेत्र है जो देश को आगे ले जाने में अपना अहम योगदान दे रहा है। हाल ही में पेश हुए बजट में उद्यमियों के लिए अनेकों घोषणाएं की गई है।उन्होंने इस मौके पर उपस्थित उघमियों के साथ-साथ अन्य सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने की अपील भी की।

मंत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण हमारे लिए एक समस्या है और इस समस्या से निपटने के लिए उद्योगपतियों को पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करना है। उद्यमी अपने उत्पाद को तैयार करने के उपरांत उसे पैक करने के लिए पॉलिथीन की बजाए प्रदूषण रहित सामग्री का प्रयोग करें।उन्होंने, पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान भी किया।कैबिनेट मंत्री ने सम्मेलन स्थल पर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत लगाई गई प्रदर्शनी में रखे गए उत्पादों का अवलोकन किया।

**************************************************************
**********

हरियाणा सरकार ने सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम विभाग की 17 सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है।इन सेवाओं का समय पर मिलना सुनिश्चित करने के लिए पदनामित

अधिकारी, प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी तथा द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी भी अधिसूचित किए गए हैं।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा आज इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है।विभाग की जिन सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में लाया गया है, उनमें मंडी विकास सहायता, परीक्षण उपकरण सहायता योजना, क्रेडिट रेटिंग योजना , ऊर्जा लेखा परीक्षा योजना , पर्यावरण अनुपालना हेतु सहायता, क्रेडिट लिंक्ड ब्याज सब्सिडी योजना और गुणवत्ता प्रमाणन सहायता योजना शामिल है।

****************************************************************

***********

स्वर्ण मुद्रीकरण योजना की मध्यम और दीर्घकालिक अवधि की सरकारी जमा योजना आज से बंद हो गई है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के प्रदर्शन और बाजार की बदलती स्थितियों का आकलन करने के बाद इसे बंद किया गया है।मंत्रालय ने कहा कि स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के निर्धारित संग्रह और शुद्धता परीक्षण केंद्रों, जी.एम.एस मोबिलाइजेशन, संग्रह और परीक्षण एजेंटों या निर्दिष्ट बैंक शाखाओं में इन्हें जमा करने के नए आवेदन अब स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

****************************************************************

***********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

****************************************************************

***********

चरखी दादरी जिले का सरकारी मेडिकल कॉलेज  गांव घसोला में बनाया जाएगा , इसके लिए पंचायत से जमीन पट्टे पर ली गई है और जल्द से जल्द इसका

निर्माण करने का प्रयास किया जाएगा।हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती राव सिंह ने आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना के लिए गांव घसोला में 50 एकड़ 1 कनाल 5 मरला भूमि ग्राम पंचायत से पट्टे पर ली गई है। राज्य सरकार ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा इस परियोजना के निर्माण के लिए सैद्वांतिक अनुमोदन कर दिया है।

***************************************************************

******

स्वास्थ्य मंत्री ने सदन को यह भी बताया कि गत 8 मार्च को जिन 561 नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं , उनको शीघ्र ही नियुक्ति स्थान की जानकारी दी जाएगी उन्होंने बताया कि पंचकुला जिला में चिकित्सा के 139 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 133 पद भरे हुए हैं तथा 6 पद रिक्त हैं, उनको भी जल्द ही भरा जाएगा।

***************************************************************

********

हिसार के नवनिर्वाचित महापौर प्रवीण पोपली ने आज नगर निगम कार्यालय में अपना कार्यभार संभाल लिया।इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रवीन पोपली ने उनको यह जिम्मेदारी दें के लिए हिसार की जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि सबसे पहले शहर को मूलभूत सुविधाएं देने की कोशिश की जाएगी। शहर की सीवरेज और पानी की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। शहर को आवारा पशु मुक्त बनाने के अभियान पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। महापौर ने शहरवासियों से भी सहयोग की अपेक्षा की और कहा कि हर नगर वासी का छोटे से छोटा प्रयास भी शहर को आगे लेकर जाने में मदद करेगा।

***************************************************************

***********

सिरसा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उससे 604 ग्राम हेरोइन जब्त की है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 करोड़ रुपये बताई गई है।

उप पुलिस अधीक्षक आदर्श दीप सिंह ने बताया–

उन्होंने कहा कि मामले की तफतीश की जा रही है ताकि नशे के धंधे में उसके साथ जुड़े लोगों तक पहुँचा जा सके।

************************************************************************

प्रसिद्ध उर्दू शिक्षक और विद्वान डॉ. एच.के. लाल का आज चंडीगढ़ में 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल बाद दोपहर 2 बजे किया जाएगा।पाकिस्तान के पाक-पट्टन में जन्मे और विभाजन के दौरान विस्थापित हुए डॉ. एच.के. लाल केवल उर्दू के विद्वान नहीं थे; वे इसके संरक्षक भी थे। उन्होंने अनगिनत लोगों को इस भाषा की सुंदरता से आलोकित किया।वे पंजाब विश्वविद्यालय से उर्दू में पीएच.डी. करने वाले पहले व्यक्ति थे।उन्हें साहित्य अकादमी, पंजाब विश्वविद्यालय और कई अन्य संस्थानों से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड सहित अनगिनत सम्मानों से नवाजा गया।